अनुक्रमांक ....................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2017
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** एलीसा परीक्षण है- **(1)**

(A) हिपेटाइटिस (B) क्षय रोग

(C) एड्स (D) टाइफाइड

**2.** गैलेना किस धातु का अयस्क है- **(1)**

(A) जिंक (B) लेड

(C) कापर (D) एलुमीनियम

**3.** वातावरण और जीवधारियों के पारस्परिक सम्बन्धों से क्या बनता है- **(1)**

(A) समुदाय (B) पारिस्थितिक तन्त्र

(C) जीवोम (D) खाद्य-जाल

**4.** शुष्क सेल में किस पदार्थ की छड़ एनोड का कार्य करती है- **(1)**

(A) कार्बन (B) सिलिकॉन

(C) जर्मेनियम (D) बोरॉन

**5.** रुधिर का थक्का बनाने वाली रुधिर कणिका का नाम है- **(1)**

(A) लाल रुधिर कणिका (B) प्लेटलेट

(C) श्वेत रुधिर कणिका (D) इनमें से कोई नहीं

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** खाद्य-जाल से क्या समझते हैं ? **(1)**

**7.** विद्युत के दो सुचालक और दो कुचालक पदार्थों के नाम लिखो। **(1)**

**8.** धातु गैल्वोनीकरण प्रक्रिया क्या है ? **(1)**

**9.** सर्वदाता व सर्वग्राही रक्त वर्ग का नाम लिखो। **(1)**

**10.** विद्युत ऋणात्मकता को परिभाषित कीजिए। **(1)**

**11.** हेपेटाइटिस बी. शरीर के किस अंग को प्रभावित करता है। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** तत्वों की आवर्त सारणी के गुण व दोष क्या हैं ? **(2)**

**13.** ओम के नियम को परिभाषित कीजिए तथा प्रतिरोध व विद्युत में सम्बन्ध लिखिए। **(2)**

**14.** धारावाही परिनालिका से क्या अभिप्राय है ? सचित्र वर्णन करो। **(2)**

**15.** जैविक घटक क्या होता है ? इनके घटकों का संक्षिप्त वर्णन करो। **(2)**

**16.** "एनीमिया" तथा "ल्यूकीमिया" रोग किस कारण होता है ? इसके बचाव व उपचार क्या हैं ? **(2)**

**17.** लोहे के अयस्क से पिग आयरन प्राप्त करने की प्रक्रिया का संक्षिप्त वर्णन करें। **(2)**

**18.** रक्त को कितने वर्ग में विभाजित किया गया है ? समझाइये। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/vigyan/2017

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN